ध्य प्रदेश के दूसरी बार ललितपुर आई हैं। जमा करें।

मेघालय से रूबरू हुए विद्यार्थी

छात्र-छात्राओं ने साझा किए मेघालय राज्य की यात्रा से जुड़े संस्मरण

ललितपुर। रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय के सभागार में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' क्लब द्वारा मेघालय राज्य की सांस्कृतिक विरासत विषय पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी में छात्र-छात्राएं मेघालय की सांस्कृतिक विरासत से परिचित हुए।

गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जेपी सिंह ने किया। क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. रीतेश कुमार खरे ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को अरुणाचल प्रदेश और मेघालय से जोड़ा गया है। इसमें राजकीय महाविद्यालय को कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन शिलांग के साथ संलग्न किया गया है। इससे दोनों राज्यों के छात्र-छात्राओं के मध्य संस्कृति का आदान-प्रदान हो सकेगा। क्लब अध्यक्ष मेघा नायक ने खासी, गारो और जैंतिया जनजातियों के जीवन शैली पर प्रकाश डाला। सौम्या जैन ने मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता और जैविक विविधता का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रो. केशव देव, डॉ अजय कुमार, डॉ मनीष कुमार वर्मा, डॉ डीके साहू, प्रो. अर्चना सिरोठिया, प्रो.अनुराधा, प्रिंस राठौर, देवेंद्र सिंह, विकास पुरोहित, हिमांशी जैन, अमित कुमार, स्वतंत्र कुमार आदि उपस्थित रहे।